डॉ. अम्बेडकर चेयर-सामाजिक विज्ञान संकाय काशी हिन्दू विश्विद्यालय में स्वच्छता मिशन(स्वछता पखवाड़ा) 16 से 30 जून तक

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के डॉ. अम्बेडकर प्रतिष्ठान के दिशा निर्देशों के अनुपालन हेतु 16 जून दिन शुक्रवार को काशी हिंदू विश्वविद्याल के हैदराबाद गेट से लगे आवासीय कॉलोनी में सघन सफाई व् जागरूकता अभियान (स्वच्छ्ता पखवाड़ा) की शुरुआत सामाजिक विज्ञान संकाय के डॉ। अंबेडकर चेयर के अध्यक्ष प्रो. मंजीत चतुर्वेदी तथा सदस्य डॉ. स्वप्ना मीना व् छात्रों द्वारा किया गया।

स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत माननीय प्रधानमंत्री ने गांधी जी के जन्मदिवस के मौके पर की थी तथा 2019 तक पूरे भारत को स्वच्छता की संस्कृति से जोड़ने का आवाहन किया। इसके लिए आवश्यकता है एक कुशल प्रबंधन की अतः स्वच्छ्ता पखवाड़े की महत्व को देखते हुए 3 जून को एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया और पखवाड़े की रूप रेखा तैयार की गयी । और यह तय किया गया कि स्वच्छ्ता चौपाल और नुक्कड़ नाटक के जरिये लोगों में जागरूकता फैलाई जायेगी । स्वच्छ्ता विषय पर निबंध लेखन,स्लोगन राइटिंग तथा पोस्टर बनवाये जायेंगे व् साथ ही प्रतिदिन विश्वविद्यालय में निर्धारित जगह पर सफाई की जायेगी । स्वच्छ्ता सम्बंधित मुद्दों पर संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

लोगो को प्लास्टिक थैली का इस्तेमाल न करने को जागरूक किया जायेगा तथा जनजागरूकता रैली व घर घर जा कर स्वच्छ्ता रखने के तरीके व फायदे बता कर स्वच्छ भारत के लिए शपथ दिलाई जाएगी। इसी क्रम में 16 जून दिन शुक्रवार को काशी हिंदू विश्वविद्याल के हैदराबाद गेट से लगे आवासीय कॉलोनी में सघन सफाई अभियान चलाया गया।